1.8 जिन जिलों में कंडिका 1.6 के पालन में कम्पोजिट मदिरा दुकान समूहों पर नवीनीकरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्र तथा अन्य आवेदकों के लॉटरी आवेदन पत्रों को सम्मिलित कर समग्र में वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य के राजस्व में निहित 75 प्रतिशत आरक्षित मूल्य से कम राशि के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जायेगा और ऐसे जिलों के समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकान समूहों का निष्पादन निर्धारित आरक्षित मूल्य पर ई-टेण्डर आमंत्रित कर किया जाएगा।

1.9 वर्ष 2024-25 के लिए नवीनीकरण आवेदन तथा लॉटरी आवेदन पत्रों के माध्यम से निष्पादन की कार्यवाही उपरान्त निष्पादन से शेष रहे कम्पोजिट मदिरा दुकान समूहों का निष्पादन वर्ष 2024-25 के निर्धारित आरक्षित मूल्य के विरूद्ध ई-टेण्डर आमंत्रित कर किया जाएगा।

1.10 मदिरा दुकानों के एकल समूहों के निष्पादन के सम्बन्ध में जारी की जाने वाली निविदा की शर्तें आबकारी आयुक्त द्वारा शासन के अनुमोदन से जारी की जाएंगी।

1.11 वर्ष 2024-25 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की दुकानों/एकल समूहों का निष्पादन आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित/अधिसूचित किये गये कार्यक्रम अनुसार एवं नियत स्थलों पर किया जायेगा।

## 2. मदिरा दुकानों की व्यवस्था :-

2.1 प्रदेश की समस्त मदिरा दुकानें (वाईन शॉप एवं एयरपोर्ट काउंटर को छोड़कर) कम्पोजिट शॉप होंगी, जिनमें देशी एवं विदेशी दोनों प्रकार की मदिरा विक्रय हेतु उपलब्ध रहेगी। समस्त मदिरा दुकानों पर देश के बाहर से आयातित BIO (Bottled In Origin) मदिरा का विक्रय भी अनुमत होगा।

दुकानों के एकल समूहों की शेष वार्षिक लायसेंस फीस जमा कराये जाने हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा 03 बैंक कार्यकारी दिवस का समय एवं उक्त अवधि हेतु दुकान संचालन की कार्यकारी अनुमति दी जा सकेगी।

यदि 31 मार्च तक स्वीकृत निविदादाता द्वारा अवशेष वार्षिक लायसेंस फीस की राशि दिनांक 31 मार्च के उपरांत जमा करायी जाती है तो भी उस समूह की दुकानों के लायसेंस वित्तीय वर्ष की सम्पूर्ण अवधि के लिए ही जारी किये जायेंगे और उसकी देयताएं भी वर्ष की सम्पूर्ण अवधि की ही होंगी।

**8.4** नवीनीकरण, लॉटरी एवं ई-टेण्डर के माध्यम से मदिरा दुकानों के निष्पादन की स्थिति में, वार्षिक लाइसेंस फीस की शेष राशि क्रमशः कण्डिका- 8.1 एवं 8.3 में वर्णित अवधि में जमा न किये जाने पर पृथक से बिना किसी अन्य सूचना के संबंधित मदिरा दुकानों के एकल समूह का ऑफर स्वतः निरस्त मान्य किया जाकर, धरोहर राशि जब्त की जाएगी तथा ऐसी मदिरा दुकान के एकल समूह पुनः निष्पादन पर रखे जावेंगे। उक्त समूहों का पुनर्निष्पादन पूर्व निर्धारित आरक्षित मूल्य पर वर्तमान उच्चतम ऑफरदाता के उत्तरदायित्व पर किया जायेगा।

**8.5** असफल आवेदक, असफल लॉटरीदाता, असफल टेण्डरदाता द्वारा जमा धरोहर राशि (EMD), उसे अधिसूचित व्यवस्था अनुसार वापस की जायेगी।

## 9. प्रतिभूति राशि (Security Deposit) एवं उसको जमा कराया जाना :-

**9.1** वर्ष 2024-25 की ठेका अवधि के लिये प्रतिभूति राशि संबंधित मदिरा दुकानों के समूह /एकल समूहों के लिये प्राप्त वार्षिक मूल्य के 10 प्रतिशत के समतुल्य प्रभारित की जायेगी।

**9.1.1** यह प्रतिभूति राशि संबंधित जिले के सहायक आबकारी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी किसी भी

सार्वजनिक क्षेत्र के अनुसूचित व्यवसायिक बैंक, निजी क्षेत्र के अनुसूचित व्यवसायिक बैंक, मध्यप्रदेश राज्य के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में देय बैंक गारंटी अथवा सावधि जमा के रूप में हो सकेगी। उक्त प्रावधानुसार अनुमत बैंकों में से जो बैंक नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस लिमिटेड (Nesl) में पंजीकृत हैं, उनकी नवीन बैंक गारण्टी सिर्फ eBG के रूप में ही मान्य की जायेगी। शेष बैंकों की बैंक गारंटी बैंक के अधिकृत ई-मेल डोमेन से प्राप्त होने पर ही मान्य होगी। बैंक गारंटी/सावधि जमा का सत्यापन 15 दिवस में कराने की अनिवार्यता रहेगी।

प्रतिभूति राशि ई-आबकारी पोर्टल पर ट्रेजरी चालान के माध्यम से भी जमा की जा सकेगी ।

**9.1.2** नवीनीकरण/लॉटरी द्वारा चयनित आवेदक एवं सफल टेण्डरदाता व्यक्ति/भागीदारी फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी)/ कम्पनी/ कंसोर्टियम/ के नाम से जारी अथवा पक्ष में स्वीकृत बैंक गारण्टी अथवा सावधि जमा ही स्वीकार की जायेगी।

सभी बैंक गारंटियां (eBG/ सामान्य BG) विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी होने पर ही स्वीकार की जाएगी। उक्त बैंक गारंटियां किसी भी प्रयोजन के लिए अन्यत्र कहीं भी प्रस्तुत नहीं की जाएगी।

**9.1.3** वर्ष 2024-25 की ठेका अवधि के लिये किसी भी स्वरुप में प्रस्तुत सम्पूर्ण प्रतिभूति की राशि के संबंध में आवेदक/लायसेंसी को यह उल्लेखित एवं प्रमाणित करना होगा, कि उसके द्वारा संबंधित मदिरा दुकानों के समूह/एकल समूहों के लिये प्रस्तुत प्रतिभूति राशि वर्ष 2024-25 की ठेका अवधि के दौरान संबंधित मदिरा दुकानों के समूह/एकल समूहों के अतिरिक्त मध्यप्रदेश राज्य के किसी भी

**15.7** यदि निष्पादित मदिरा दुकानों/एकल समूहों की अनुज्ञप्ति की संचालन अवधि के दौरान कण्डिका 15.5 व 15.6 की अनर्हता पैदा होती है तो वह ठेका चलाने का पात्र नहीं रहेगा। परन्तु ऐसी स्थिति में संबंधित मदिरा दुकान/एकल समूह का अंतरण (हस्तांतरण) सामान्य लायसेंस शर्त क्रमांक 6 के अन्तर्गत किसी पात्र व्यक्ति के पक्ष में वर्तमान वर्ष के वार्षिक मूल्य के 01 प्रतिशत के समतुल्य राशि हस्तांतरण फीस के रूप में पृथक से जमा कराये जाने पर किया जा सकेगा।

**16. ड्यूटी दरें :-**

**16.1** देशी/विदेशी मदिरा की ड्यूटी दरें निम्नानुसार रहेंगी-

**16.1.1 देशी मदिरा ड्यूटी दर-**

वर्ष 2024-25 में 25 डिग्री अण्डर प्रूफ तेजी की देशी मदिरा मसाला तथा 50 डिग्री अण्डर प्रूफ तेजी की देशी मदिरा प्लेन की ड्यूटी दर एक समान रुपये 350/- प्रति प्रूफ लीटर रहेगी।

**16.1.2 विदेशी मदिरा ड्यूटी दर**

विदेशी मदिरा की ड्यूटी दरें निम्नानुसार रहेंगी-

| **क्रं** | **स्लैब (EDP प्रति पेटी )** | **ड्यूटी (प्रति प्रूफ लीटर)** |
|---|---|---|
| 1 | रूपये 850 तक | रुपये 414/- |
| 2 | रूपये 851 से रूपये 950 तक | रुपये 467/- |
| 3 | रूपये 951 से रूपये 1250 तक | रुपये 557/- |
| 4 | रूपये 1251 से रूपये 1400 तक | रुपये 764/- |
| 5 | रूपये 1401 से रूपये 1600 तक | रुपये 859/- |
| 6 | रूपये 1601 से रूपये 3150 तक | रुपये 1076/- |
| 7 | रूपये 3151 से रूपये 8150 तक | रुपये 1686/- |

**16**.1.8 मध्यप्रदेश में विक्रय हेतु 15000/- से अधिक ई.डी.पी. (12 बोतल हेतु) वाली मदिरा की एक पेटी में 06 बोतल (4.5 बल्क लीटर) भी अनुमत होगा। ड्यूटी की गणना हेतु पेटी को 9.0 बल्क लीटर का मानते हुये समानुपातिक आधार पर स्लैब निर्धारण किया जायेगा।

**17. आयातित विदेशी मदिरा (BIO) पर चुकाई गई बोतल फीस का समायोजन :-**

वर्ष 2024-25 में (BIO) मदिरा पर प्रति बोतल 850/- रूपये बोतल फीस प्रभारित की जाएगी किन्तु फुटकर मदिरा विक्रेता को न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी राशि में 750/- रूपये प्रति बोतल का समायोजन ही अनुमत होगा।

**18. संचालन एवं व्यवस्थापन व्यय का निर्धारण :-**

वर्ष 2024-25 हेतु देशी मदिरा, विदेशी मदिरा (स्पिरिट, बीयर, वाईन एवं रेडी टू ड्रिंक्स) तथा BIO हेतु व्यवस्थापन एवं संचालन व्यय निम्नानुसार रहेगा :-

**18.1** देशी मदिरा हेतु संचालन एवं व्यवस्थापन व्यय 33 प्रतिशत परिगणित कर निर्धारण किया जायेगा।

**18.2** विदेशी मदिरा (स्पिरिट, वाईन एवं रेडी टू ड्रिंक्स) एवं BIO हेतु संचालन एवं व्यवस्थापन व्यय प्रति पेटी EDP 1400 तक 33%, 1401 से 4150 तक 31% एवं 4150 से अधिक पर 28% परिगणित कर निर्धारण किया जायेगा।

**18.3** वर्ष 2024-25 में विदेशी मदिरा (बीयर) हेतु संचालन एवं व्यवस्थापन व्यय 50% परिगणित कर निर्धारण किया जायेगा।

**19. एम.एस.पी. एवं एम.आर.पी. के निर्धारण की प्रक्रिया एवं मुद्रण/अंकन:-**

1. घोषित/मान्य प्रति पेटी एक्स विदेशी मदिरा भाण्डागार प्रदाय दर, विनिर्माता इकाई द्वारा प्रस्तुत।
2. प्रति पेटी (12 क्वार्ट बोतल/समतुल्य) पर निर्धारित आबकारी शुल्क (स्लैब अनुसार) ।
3. वार्षिक लायसेंस फीस (ड्यूटी की राशि का 5.263 प्रतिशत) ।
4. परिवहन शुल्क (एक्स विदेशी मदिरा गोदाम कीमत का 8 प्रतिशत)।
5. व्यवस्थापन/संचालन व्यय (उपरोक्त क्रमांक 1 से 4 तक के योग पर स्पिरिट, वाईन एवं रेडी टू ड्रिंक्स में प्रति पेटी EDP के आधार पर 28% से 33% एवं बीयर में 50%)।
6. उपरोक्तानुसार क्रमांक 1 से 5 तक के योग को आगामी रूपये 5/- के गुणांक में परिगणित कर विदेशी मदिरा (स्पिरिट, वाईन तथा बीयर) की प्रत्येक किस्म एवं धारिता की बोतल के न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य (MSP) का निर्धारण में किया जायेगा।

**19.3** देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा (स्पिरिट, वाईन तथा बीयर) की प्रत्येक किस्म एवं धारिता की बोतल के परिगणित एवं निर्धारित न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य (MSP) में 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाकर उसका अधिकतम विक्रय मूल्य (MRP) परिगणित एवं निर्धारित किया जायेगा। MRP को रूपये 5/- के उच्चतर गुणांक में रखा जायेगा। MRP में 10% वैट शामिल है, यह अंकित किया जायेगा।

**19.4** विदेशी मदिरा (स्पिरिट) की 180 एम.एल. धारिता की बोतल का न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य (MSP) तथा देशी मदिरा मसाला (25 यूपी) की 180 एम.एल. धारिता वाली कांच की बोतल के न्यूनतम फुटकर विक्रय मूल्य (MSP) के बीच का अंतर न्यूनतम रूपये 20/- रखा जायेगा।

**19.5** विदेशी मदिरा विनिर्माणी (एफ.एल.-9, एफ.एल.-9-ए, बी-3, 9-ए ऑफ बी-3) बाहरी निर्माता केन्द्रीय भाण्डागार (एफ.एल.-10-ए), लायसेंसी एवं मूल

**29.3** भाँग प्रदाय व्यवस्था में पूर्व प्रचलित व्यवस्था के स्थान पर राज्य में भाँग लाने, गोदाम पर संग्रहित करने, भाँग की सफाई उपरान्त 1-1 कि.ग्रा. की थैलियाँ बनाने संबंधी समस्त कार्यो के लिये प्रक्रिया निर्धारित कर इस हेतु दरें टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित करने की कार्यवाही की जाएगी।

**30. बार लायसेंस के संबंध में व्यवस्था :-**

पूर्व प्रचलित व्यवस्था में नवीन संशोधित प्रावधान निम्नानुसार रहेंगे :-

**30.1** अन्य बार लायसेंस की भांति पर्यटन बार (एफ.एल.-2कक) का नवीनीकरण ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से ऑटो जनरेशन से किया जाएगा।

**30.2** एफ.एल. 2, एफ.एल. 2एए, एफ.एल. 3, एफ.एल. 3ए, एफ.एल. 4 बार लायसेंसों में बीयर जिसकी ई.डी.पी. प्रति पेटी रूपये 575/- , स्प्रिट (व्हिस्की) जिसकी ई.डी.पी. प्रति पेटी रूपये 1200/-, स्प्रिट (रम, वोदका, जिन आदि) एवं वाईन जिसकी ई.डी.पी. प्रति पेटी रूपये 500/- तथा रेडी टू ड्रिन्क (प्रतिपेटी अधिकतम 9 बल्क लीटर) जिसकी ई.डी.पी. प्रति पेटी रूपये 700/- से कम न हो, विक्रय/प्रदाय किया जायेगा।

**30.3** बार लायसेंसों की लायसेंस फीस एवं शर्तें वर्ष 2023-24 के अनुसार यथावत रहेगी।

**30.4 बारो की न्यूनतम गारंटी के संबंध में :-**

**30.4.1** वर्ष 2024-25 हेतु बार लायसेंसों की मिनिमम गारंटी (एम.जी.) में वृद्धि नहीं की जायेगी।

**30.4.2** त्रैमासिक आधार पर लायसेंसी द्वारा निर्धारित मिनिमम गारंटी (न्यूनतम विक्रय परिमाण) के समतुल्य विदेशी मदिरा (स्पिरिट व बीयर) क्रय न किये जाने की स्थिति में संबंधित कलेक्टर द्वारा ऐसी कम क्रय की गई विदेशी मदिरा (स्पिरिट/वाईन) की मात्रा पर 350/- प्रति प्रूफ लीटर तक

और विदेशी मदिरा (बीयर) पर रूपये 50/- प्रति बल्क लीटर तक की दर से त्रैमासिक शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

**30.4.3** राज्य शासन द्वारा अधिसूचित Force Majeure के कारण बारों का संचालन प्रभावित होने की स्थिति में जिला कलेक्टर से प्राप्त युक्तियुक्त प्रस्ताव के आधार पर राज्य शासन के अनुमोदन के अधीन आबकारी आयुक्त द्वारा बारों हेतु निर्धारित न्यूनतम गारंटी का उठाव न होने पर अधिरोपित होने वाली शास्ति में छूट दी जा सकेगी।

न्यूनतम गारंटी संबंधी शेष व्यवस्था यथावत रहेगी ।

**31. मदिरा दुकानों एवं बार लायसेंसों से बिक्री का समय :-**

**31.1** मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों की साफ-सफाई तथा मदिरा के प्रारंभिक संग्रह, आमद, विक्रय एवं अंतिम संग्रह के दैनिक लेखे की पंजियों को पूर्ण/संधारित किये जाने के लिये मदिरा दुकानें प्रातः 8:30 बजे से खोली जायेंगी। प्रातः 8:30 बजे से प्रातः 9:30 बजे तक का समय लेखा संधारण के लिए एवं मदिरा विक्रय का समय प्रातः 9:30 बजे से रात्रि में 11:30 बजे तक रहेगा।

**31.2** रेस्टोरेन्ट, पर्यटन, होटल, रिसोर्ट तथा क्लब बार लायसेंस के अन्तर्गत परिसर में विदेशी मदिरा की बिक्री का समय प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक एवं उपभोग का समय रात्रि 12:00 बजे तक रहेगा।

**31.3** रेस्टोरेन्ट, पर्यटन, होटल, रिसोर्ट तथा क्लब बार लायसेंस (एफ.एल.-2, 2एए, 3, 3ए, 3एए एवं 4) के अनुज्ञप्तिधारी द्वारा निर्धारित समय के उपरान्त बार संचालन हेतु अनुमति चाही जाती है, तो रूपये 5000/- प्रतिदिन अतिरिक्त फीस लेकर, लायसेंस के अन्तर्गत परिसर में विदेशी मदिरा की बिक्री एवं उपभोग हेतु 02 घन्टे की अतिरिक्त समयावधि दी जायेगी। यह विशिष्ट अनुमति उल्लेखित लायसेंसों हेतु वित्तीय वर्ष में

अधिकतम 08 दिवस हेतु दी जा सकेगी। यह अनुमति कलेक्टर के विवेकाधीन रहेगी।

**31.4** राज्य शासन अथवा स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में दुकानों के निर्धारित खुलने अथवा बंद होने के समय में कोई परिवर्तन किये जाने की स्थिति में अनुज्ञप्तिधारी देय न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी राशि एवं लाइसेंस फीस में छूट का पात्र नहीं होगा।

**32. कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों का पुनर्निष्पादन :-**

**32.1** लायसेंस अवधि के दौरान लायसेंस शर्तों के उल्लंघन, निर्धारित न्यूनतम ड्यूटी राशि जमा न करने अथवा किसी अन्य कारण से, यदि मदिरा दुकान के एकल समूह का लायसेंस निरस्त किए जाने की स्थिति बनती है तो ऐसी स्थिति में मूल अनुज्ञप्तिधारी के उत्तरदायित्व पर, उस मदिरा दुकान के एकल समूह का पुनः निष्पादन, लायसेंस अवधि की शेष रही अवधि के लिए ई-टेण्डर या शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया जाएगा। उस मदिरा दुकान के एकल समूह को पुनः निष्पादित करने के अधिकार जिला निष्पादन समिति को होंगे।

**32.2** वर्ष 2024-25 की लायसेंस अवधि में पुर्ननिष्पादन की स्थिति निर्मित होने पर कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों के आरक्षित मूल्य का निर्धारण वर्ष 2024-25 की अवधि हेतु प्राप्त/स्वीकृत उच्चतम ऑफर में से मदिरा दुकान की संचालन अवधि (अनुज्ञप्तिधारी द्वारा संचालन अवधि + विभागीय संचालन अवधि) की वार्षिक लायसेंस फीस (समानुपातिक रूप से) एवं न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी की राशि को (आनुपातिक रूप से) घटाकर शेष अवधि का वार्षिक मूल्य परिगणित कर उसे वर्ष 2024-25 की शेष अवधि हेतु आरक्षित मूल्य निर्धारित किया जायेगा।

रूपये 50 लाख लेबल पंजीयन फीस भुगतान करने पर एफ.एल.9 इकाई द्वारा किसी भी संख्या तक लेबलों का पंजीयन कराया जा सकेगा।

**34 विशेष मदिराओं (Special liquors) के संबंध में**

प्रदेश की आसवनियों को विशेष मदिराओं (Special liquors) के निर्माण, भण्डारण, निर्यात, आयात एवं विक्रय की अनुमति दी जायेगी।

**35. हेरीटेज मदिरा :-**

**35.1** आबकारी नीति की अधिसूचना दिनांक 22.02.2023 से 7 वर्ष तक अर्थात दिनांक 21.02.2030 तक की अवधि के लिए हेरिटेज मदिरा को आबकारी ड्यूटी तथा निर्यात शुल्क से मुक्त रखा गया है परंतु वैट (VAT) टैक्स से 1 वर्ष की छूट दी गई थी। इसलिए हेरिटेज मदिरा निर्माण इकाई द्वारा निर्मित हेरिटेज मदिरा को राज्य शासन के वैल्यू एडेड टैक्स (VAT) से दिनांक 31.03.2030 तक लिए मुक्त रखा जाएगा।

**35.2** शासन द्वारा हेरिटेज मदिरा का विक्रय बार, वाईन शॉप एवं एयरपोर्ट शॉप सें करने की अनुमति दी जा सकेगी।

**35.3** हेरिटेज मदिरा की मांग एवं खपत के अनुसार अधिक से अधिक हेरिटेज मदिरा इकाइयों की स्थापना हेतु शासन नियमानुसार आवश्यक सहयोग करेगा।

**36. मध्यप्रदेश राज्य के कृषकों के लिए बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने एवं मूल्य सवंर्धन हेतु मध्यप्रदेश में उत्पादित अंगूर से मध्यप्रदेश राज्य में निर्मित वाईन के फुटकर बिक्री की अनुमति:-**

राज्य शासन द्वारा घोषित अंगूर प्रसंस्करण नीति के अन्तर्गत मध्यप्रदेश राज्य में उत्पादित अंगूर से मध्यप्रदेश राज्य में ही विनिर्मित वाईन के विपणन के संबंध में कम्पनी रिटेल आउटलेट की भॉति विनिर्माता इकाई द्वारा

